1.5

NOTE FOR JUSTI FICATION

परियोजना विवरणः— राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में तोली से मैचून मोटर मार्ग का निर्माण।
(ल0 2.00 किमी0)

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्राम तोली, जालबाड़ी, मैचून से होकर गुजरता है जिनकी आबादी 332,59 तथा 249 है। यह लिंक मार्ग अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के 24 के है0 4—6 से प्रारम्भ होता है। प्रस्तावित लिंक मार्ग के निर्माण से ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा होगी। वर्तमान में गांव की महिलाएं पानी, लकड़ी, चारा आदि लेने के लिये दूर जाती है। मार्ग निर्माण के पश्चात् उनका बहुमूल्य समय बचेगा साथ ही वें अपने घर और बच्चों को अधिक समय दे पाएंगी, जिससे कि बच्चों का लालन—पालन तथा पठन—पाठन ठीक से होगा तथा कुपोषण जैसी भारी समस्या दूर हो पाएगी। गांव में चिकित्सालय तथा विद्यालय खुलने के और नए अवसर मिलेंगे। ग्रामवासी अपने उत्तपादित फल, सब्जी, अनाज आदि को बाजार तक बिना किसी कठिनाई के ले जा पाएंगे साथ ही गांव विकास की ओर अग्रसर होगा एवं स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

यह समरेखन सिविल भूमि (राज्य भूमि) तथा नाप भूमि से होकर गुजरता है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। समरेखन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है।

उक्त मोटर मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी है तथा मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में 0.215 है0 सिविल भूमि तथा 1.5825 है0 नाप भूमि प्रभावित होती है उक्त प्रयोजनार्थ इस भूमि हेतु न्यूनतम समरेखणों पर विचार किया गया है।

संमरेखन 1:— इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग का समरेखण स्थल अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 24 के है0 4—6 से प्रारम्भ होता है। मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 है तथा निर्माण की लागत कम है। मार्ग में 6.00 हेअरपिन बैंड है। तकनिकी दृष्टि से ग्रेड सही मिलता है। लम्बाई कम है तथा इस संमरेखण के अनुसार मोटर मार्ग निर्माण करने में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत है।

संमरेखन 2:— इस समरेखन के अनुसार इस मोटर मार्ग का समरेखण स्थल अल्मोड़ा—घाट मोटर मार्ग के किमी0 24 के है0 4—6 से प्रारम्भ होता है। मार्ग की लम्बाई 2.50 किमी0 है तथा निर्माण की लागत अधिक है । मार्ग में 08 हेअरपिन बैंड है । तकनिकी दृष्टि से ग्रेड सही नहीं मिलता है । लम्बाई अधिक है तथा संमरेखन के अनुसार मोटर मार्ग करने में ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि सहमत नहीं है।

उक्त को ध्यान में रखते हुए संमरेखण नं0 2 को निरस्त कर समरेखण 01 को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के निर्माण में सिविल भूमि 0.215 है0 प्रभावित होती है जो न्यूनतम है । मोटर मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 तथा चौड़ाई 9.00 मीटर में ली गई हैं । उक्त भूमि में मोटर मार्ग का निर्माण करने से पूर्व यह प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

अतः प्रस्तावित सिविल भूमि (राज्य भूमि) का हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृत करने की कृपा करें।

कनिष्ठ अभियन्ता	सहायक अभियन्ता	अधिशासी अभियन्ता
नि.ख.लो.नि.वि	नि.ख.लो.नि.वि	नि.ख.लो.नि.वि
अल्मोड़ा	अल्मोड़ा	अल्मोड़ा